# जैविक खेती अपनाने का संकल्प लें किसान : कुशवाह

**किसान कार्यशाला में जैविक खेती के लाभों पर हुआ मंथन**

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 19 जून।** जैविक खेती केवल खेती की एक पद्धति नहीं बल्कि मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और कृषि की दीर्घकालीन समृद्धि का आधार है। किसान भाईयों को रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाना चाहिए, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ेगी और बाजार में बेहतर मूल्य भी प्राप्त होगा। क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने शुक्रवार को जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिये आयोजित जिला स्तरीय किसान कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में यह बात कही।




किसानों के लिये जैविक खेती के महत्व को बताने के उद्देश्य से नगर निगम के बाल भवन में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसान भाईयों को जैविक खेती के संबंध में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह के साथ ही जिला अध्यक्ष भाजपा जयप्रकाश राजौरिया, कलेक्टर रुचिका चौहान, सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत, किसान मोर्चे के उपाध्यक्ष नेकसिंह गुर्जर, जिला अध्यक्ष गिर्राज व्यास, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा कमल माखीजानी, अभय चौधरी, महामंत्री धर्मेन्द्र तोमर, राजू पलैया, जवाहर प्रजापति के साथ ही कृषि, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी व बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित थे।

क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने किसान भाईयों से कहा कि जैविक खेती स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अति महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भी जैविक खेती को प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान भाई संकल्प लें कि वे जैविक खेती को अपनायेंगे। इसके माध्यम से न केवल बीमारियों से बचा जा सकता है बल्कि किसान भाईयों की आर्थिक समृद्धि भी इसके माध्यम से और बेहतर होगी।

कलेक्टर रुचिका चौहान ने किसानों से कहा है कि जैविक खेती के संबंध में किसान भाईयों को अधिक से अधिक जानकारी लेकर इसे अपनाने की आवश्यकता है। जैविक खेती के माध्यम से ही हम विभिन्न बीमारियों से निजात पा सकते हैं। इसके साथ ही किसान भाई कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को और मजबूत कर सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि जैविक खेती कर रहे किसानों को शासन-प्रशासन द्वारा भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। ग्वालियर जिले में भी जैविक खेती से उत्पादन करने वाले किसानों को बाजार उपलब्ध कराने हेतु प्रति रविवार कृषि विश्वविद्यालय के बाहर एक बाजार संचालित किया जा रहा है।

किसान मोर्चे के प्रदेश उपाध्यक्ष नेकसिंह गुर्जर ने भी किसान भाईयों को संबोधित किया।



# अब तक केवल 28 .4 मिमी बारिश दर्ज हुई

## 25 जून तक मानसून की दस्तक के आसार

**किसानों की चिंता बढ़ गई है, फसलों की बुवाई प्रभावित**

> मौसम विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के 39 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है. भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, छिंदवाड़ा, सिवनी और अन्य जिलों में तेज हवाओं के साथ वर्षा की संभावना जताई गई है. वहीं रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, कटनी, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी और झाबुआ सहित कई क्षेत्रों में उमस और गर्मी बनी रह सकती है.

**भोपाल, 19 जून. मध्य प्रदेश में इस बार मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई है. सामान्यत: जून के मध्य तक प्रदेश में प्रवेश करने वाला मानसून अब 25 जून के आसपास पहुंचने की संभावना है.**

मानसून की देरी का असर वर्षा के आंकड़ों पर भी दिखाई दे रहा है. 1 जून से 18 जून के बीच प्रदेश में सामान्य से 39 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है और खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही है. इस अवधि में प्रदेश में औसतन 46.8 मिमी वर्षा होनी चाहिए थी, जबकि अब तक केवल 28.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है. पूर्वी मध्य प्रदेश के कई जिलों में स्थिति अधिक चिंताजनक बनी हुई है. अनूपपुर, बालाघाट, दमोह, मैहर, रीवा, शहडोल, टीकमगढ़, अली राजपुर, बड़वानी, भिंड, दतिया, धार और खरगोन जैसे जिलों में आधा इंच बारिश भी नहीं हुई है. वहीं भोपाल, इंदौर, सीहोर, रायसेन, विदिशा, राजगढ़, गुना, हरदा, नर्मदापुरम, रतलाम, मंदसौर, श्योपुर, शिवपुरी, सतना और सीधी सहित कई जिलों में 1 से 4 इंच तक वर्षा हुई है, लेकिन कृषि विशेषज्ञ इसे खरीफ बुवाई के लिए पर्याप्त नहीं मान रहे हैं. गुरुवार को सिवनी में सबसे अधिक एक इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई,.

# समान नागरिक संहिता पर 22 जून तक दर्ज कराए जा सकते हैं सुझाव

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 19 जून।** लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर व्यक्ति की राय व विचारों का महत्व होता है। इसी भाव के साथ समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में आमजन से सुझाव एवं मत प्राप्त करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा जन परामर्श एवं सुझाव पोर्टल शुरू किया गया है। ग्वालियर जिले के नागरिक भी इस महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार, सुझाव और सुझावात्मक टिप्पणियाँ 22 जून 2026 तक ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। शासकीय अधिकारी-कर्मचारी भी समान नागरिक के संबंध में अपने सुझाव दे सकते हैं। समान नागरिक संहिता के संबंध में सुझाव देने के लिए नागरिक अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर सकते हैं अथवा सीधे पोर्टल https://ucc.mp.gov.in/home पर जाकर अपने विचार दर्ज कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों, प्रबुद्धजनों, शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं एवं विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस जन परामर्श प्रक्रिया में भाग लेकर अपने सुझाव एवं मत दर्ज कराएं,

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**नीमच.** जावद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोरवन-रूपपुरा बावड़ी मार्ग पर शुक्रवार दोपहर एक सडक़ हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई. युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे तत्काल उपचार के लिए नीमच जिला अस्पताल ले जाया गया. वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान अंकुर गर्ग के रूप में हुई है. युवक किसी कंपनी या विभाग में कार्यरत था और उसकी बाइक नीमच पंजीयन की थी. यह हादसा मोरवन के समीप रूपपुरा बावड़ी क्षेत्र में हुआ. दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है. सूचना मिलते ही सरवानिया चौकी पुलिस मौके पर पहुंची.

# आदिवासी अधिकारों के लिए लड़ेगी कांग्रेस

## राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग



> कांग्रेस नेता ने कहा कि 2028 में कांग्रेस की सरकार बनने पर ऐसे सभी भूमि सौदों की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और अवैध रूप से हस्तांतरित भूमि आदिवासी मालिकों को वापस दिलाई जाएगी. उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 1.5 लाख हेक्टेयर आदिवासी भूमि खनन और औद्योगिक परियोजनाओं के लिए दी गई, जिससे हजारों परिवार विस्थापित हुए हैं. पटवारी ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की 1.53 लाख बैकलॉग रिक्तियों के लंबित रहने, आदिवासी कल्याण योजनाओं में भ्रष्टाचार तथा आदिवासी महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर भी सरकार को घेरा.

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 19 जून. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार को भाजपा सरकार पर आदिवासी अधिकारों के व्यवस्थित हनन का आरोप लगाते हुए राज्य में आदिवासियों की जमीन, शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा और सम्मान से जुड़े मुद्दों पर गंभीर सवाल उठाए.**

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए राष्ट्रपति के हस्तक्षेप की आवश्यकता है. भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में जीतू पटवारी ने भारत की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति के प्रदेश दौरे का स्वागत करते हुए कहा कि आदिवासियों को 'वनवासी' कहे जाने पर राष्ट्रपति द्वारा जताई गई आपत्ति उनकी संवेदनशीलता और संवैधानिक समझ को दर्शाती है. उन्होंने कहा कि आदिवासी इस देश के मूल निवासी हैं और उनकी अपनी सांस्कृतिक पहचान, परंपराएं तथा संवैधानिक अधिकार हैं.

पटवारी ने दावा किया कि मध्य प्रदेश में लगभग 1.53 करोड़ आदिवासी निवास करते हैं, लेकिन वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सबसे अधिक नुकसान इसी वर्ग को हुआ है.

# सार्वजनिक परिवहन का करें उपयोग

## सीएस की अनुमति से ही प्रदेश से बाहर जा सकेंगे सचिव स्तर के अधिकारी

- राज्य सरकार ने जारी किए निर्देश
- कार पूलिंग की भी नसीहत

> **अपात्रों की पहचान के लिए चलेगा अभियान**
> कृषि, उद्यानिकी तथा संबद्ध विभाग को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने एवं रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग को अभियान के रूप में संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं. इसी तरह पाइप्ड नेचुरल गैस की लाइन के विस्तार के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग को तेजी से काम करने के निर्देश दिए गए हैं. खाद्य विभाग को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना तथा एलपीजी उपभोक्ताओं के डुप्लीकेट और अपात्र कनेक्शनों की पहचान और उसके निराकरण के लिए अभियान चलाने को कहा गया है. निर्माण विभागों को पर्यावरण अनुकूल निर्माण सामग्री के उपयोग करने और आमजन के बीच ऐसी सामग्री के प्रचार-प्रसार के उपयोग के लिए निर्देश दिए गए हैं.

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 19 जून. अमेरिका और ईरान के बीच भले ही समझौता हो गया हो, लेकिन इसका असर लंबे समय तक बने रहने के आसार है, ऐसे में राज्य सरकार ने खर्चों में कटौती के लिए नए निर्देश जारी किए हैं.**

सभी कलेक्टरों को इस संबंध में पत्र भेज दिया गया है. नए निर्देशों के तहत निर्देश के अहत अब अधिकारियों - कर्मचारियों को सरकारी कार्यालयों में आने-जाने के लिए सार्वजनिक परिवहन के साधन का उपयोग करने की नसीहत दी गई है, वहीं कार पूलिंग करने भी कहा गया है. इतना ही नहीं अब अनावश्यक यात्रा और खर्च में कमी लाने के लिए विभागीय बैठकों, कार्य-शालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं सेमीनारों का आयोजन यथा संभव वीसी अथवा हाईब्रिड माध्यम से करने के निर्देश दिए गए हैं.

# कार पर गोलीबारी करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना, 19 जून. जिले के नूराबाद थाना में कार को रोककर उस पर गोलीबारी करने और तोड़फोड़ के मामले में गुरुवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी.**

पुलिस ने बताया कि एक कार रोककर फायरिंग कर उसमें तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा और 315 बोर की राइफल भी बरामद की है. गत पांच जून को शिकायतकर्ता हरेन्द्र गुर्जर निवासी जरेरूआ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने पिता रघुवर और परिजनों के साथ कार से गांव लौट रहा था. तभी बिचौला रोड के पास एक बिना नंबर की काली क्रेटा कार ने उनकी गाड़ी रोक ली. आरोप है कि कार से उतरे मनोज गुर्जर, करुआ उर्फ मोहर सिंह, अरविंद गुर्जर और भूरा ने उन पर गोली चलायी. इसके बाद एक सफेद स्कॉर्पियो से आए भरत गुर्जर, बीरबल उर्फ बीरा, रघुराज गुर्जर तथा दो अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से उनकी कार में तोड़फोड़ की. मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई. पुलिस के लगातार प्रयासों के बाद गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पांच वांछित आरोपियों को टेकरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया.

# अस्पताल सहायक परीक्षा की तारीख बढ़ी

## 23 जून तक भरेंगें प्री नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट के फार्म

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 19 जून. मप्र कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित प्री नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट के लिए आवेदन प्रक्रिया तेजी से चल रही है. बता दें मंडल द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23 जून 2026 है.**



वहीं आवेदन पत्र में संशोधन करने की आखिरी तारीख 28 जून तय की गई है. बता दें कर्मचारी चयन मंडल ने आवेदन के साथ ही परीक्षा की समय सारणी भी स्पष्ट कर दी है. जिसके अनुसार प्रदेश भर में पीएनएसटी की कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षाएं 10 जुलाई से प्रारंभ होंगी. वहीं यह परीक्षा दो अलग-अलग पालियों में आयोजित की जाएगी. पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी. परीक्षा में शामिल होने के लिए मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र और आधार पंजीयन होना अनिवार्य है.

> **वनरक्षक-जेल प्रहरी स्थगित भर्ती परीक्षा आज**
> वनरक्षक क्षेत्ररक्षक जेल प्रहरी और सहायक जेल अधीक्षक की स्थगित हुई भर्ती परीक्षा शनिवार को आयोजित की जा रही है. बता दें बीते 7 जून को द्वितीय पाली दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे के दौरान कुछ तकनीकी समस्याएं के कारण परीक्षा स्थगित की गई थी. जिसका आयोजन 20 जून को किया जा रहा है. मंडल द्वारा जारी सूचना के अनुसार परीक्षा पहली पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक संपन्न होगी. परीक्षा में शामिल होने वाले सभी उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र के साथ ही केंद्र में पहुंचने का निर्देश दिया गया है.

# पहल : निकाय कर्मचारियों को मिला सुरक्षा कवच

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 19 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश के नगरीय निकाय कर्मचारियों और उनके परिवारों को एक बड़ा सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा कवच मिला है.**

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का ह्दय से आभार व्यक्त करते हुए बताया कि नगरीय निकायों के सेवकों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है. मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि मध्यप्रदेश वेतन पुनरीक्षण नियम, 2017 के दायरे में आने वाले नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर परिषद के कर्मचारियों की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी.

कर्मचारी के बैण्ड वेतन तथा ग्रेड पे के सम्मिलित योग के छह गुना के बराबर की धनराशि अनुग्रह अनुदान के रूप में प्रदान की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा एक लाख पच्चीस हजार रुपये होगी. यह कल्याणकारी निर्णय एक अप्रैल, 2025 और उसके बाद घटित होने वाले सभी प्रकरणों पर प्रभावशील होगा.

## जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष, 5 घायल

**सीधी.** सिटी कोतवाली अंतर्गत खैरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है. घटना में पांच लोग जख्मी हो गए हैं. जिसमें एक ही हालत नाजुक है. सभी घायल जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती हैं. जमीनी विवाद को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही थी फिर भी पुलिस कार्रवाई करने से दूरी बनाए थी. खैरा गांव में इसी वजह से जमीनी विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया. खैरा गांव निवासी रजनीश जायसवाल, अनिल जायसवाल एवं छविलाल , प्रमिला, गुड्डु जायसवाल के साथ श्रीभान जायसवाल, शंकरलाल, दिवाकर, सुशीला, रानी, अन्नू जायसवाल द्वारा मारपीट गई है.

# दो माह में भोपाल ने कमाए 350 करोड़

**भोपाल, 19 जून. पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के अप्रैल और मई माह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 350.30 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया है.**

मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय के नेतृत्व में वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई. दो माह की आय में सर्वाधिक योगदान यात्री टिकटों से प्राप्त हुआ. इस अवधि में 71.07 लाख यात्री टिकटों की बुकिंग से 177.39 करोड़ रुपये की आय हुई. वहीं 1.23 मिलियन टन माल परिवहन से 143.65 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ. इसके अलावा टिकट जांच के 1.32 लाख मामलों से 9.53 करोड़ रुपये, अन्य कोचिंग मद से 13.34 करोड़ रुपये तथा विविध स्रोतों से 15.93 करोड़ रुपये की आय दर्ज की गई. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं. उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में मंडल और बेहतर प्रदर्शन करेगा. साथ ही भोपाल मंडल रेल प्रशासन यात्रियों को शिकायत रहित एवं बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है.

> **अमृत भारत स्टेशनों पर व्यापार का सुनहरा मौका**
> **भोपाल.** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित और पुनर्विकासाधीन रेलवे स्टेशनों पर व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भोपाल मंडल ने उद्यमियों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, स्टार्टअप्स और संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं. इस पहल का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों को आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ व्यापार, निवेश और आर्थिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना है. भोपाल मंडल के नर्मदापुरम और शाजापुर स्टेशन का पुनर्विकास पूरा हो चुका है, जबकि हरदा, इटारसी, विदिशा, गुना, शिवपुरी, संत हिरदाराम नगर सहित 15 स्टेशन पुनर्विकासाधीन हैं.

# कल से भारत में धीरे-धीरे छोटे होने लगेंगे दिन

**उज्जैन 19 जून . खगोलीय घटना के तहत देश में प्रतिवर्ष 21 जून के बाद उत्तरी गोलार्ध में दिन धीरे-धीरे छोटे होने लगेंगे तथा 23 सितंबर को दिन-रात बराबर होंगे.**

उज्जैन की शासकीय जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक डॉ राजेंद्र प्रकाश गुप्त ने बताया कि खगोलीय घटना के तहत पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमने (परिक्रमण) के कारण सूर्य हमें कर्क रेखा से मकर रेखा के बीच गति करता हुआ दृष्टिगोचर होता है. परिक्रमण पथ की स्थिति में इस वर्ष 21 जून को उत्तरी गोलार्ध में कर्क रेखा पर लंबवत होगा. 21 जून को सूर्य की क्रांति 23 अंश 26 कला 15 विकाल उत्तरा होगी. उन्होंने बताया कि उज्जैन कर्क रेखा के नजदीक स्थित है अत: 21 जून को स्थानीय समय 12 बजे भारतीय मानक समय 12:28. पर सूर्य कर्क रेखा पर लंबवत स्थिति होने के कारण परछाई कुछ समय के लिए शून्य हो जाएगी. इसे शून्य छाया दिवस कहते हैं. सायन गणना के अनुसार 21 जून को सूर्य कर्क राशि में प्रवेश करेगा. उन्होंने बताया कि 21 जून को सूर्य अपनी अधिकतम उत्तरी स्थिति कर्क रेखा पर होने के कारण उत्तरी गोलार्ध में दिन सबसे बड़ा तथा रात्रि सबसे छोटी होती है. 21 जून को उज्जैन में सूर्योदय प्रात: पांच बजकर 42 मिनट पर तथा सूर्यास्त सायं सात बजकर 16 मिनट पर होगा.

**स्वास्थ्य परीक्षण** | राहुल गांधी के जन्मदिवस पर रक्तदान अभियान

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 19 जून. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा शुक्रवार को भोपाल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया.**

शिविर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवा स्वयंसेवकों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया. कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सहभागिता करते हुए कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच मिठाई वितरित की तथा राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सफल जीवन की कामना की.

> शिविर के साथ आयोजित रक्तदान अभियान में कांग्रेस प्रवक्ता शहरयार खान ने रक्तदान किया. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं, किसानों और महिलाओं के न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं तथा कांग्रेस कार्यकर्ता इस लड़ाई में उनके साथ मजबूती से खड़े हैं. उन्होंने कहा कि रक्तदान अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों तक रक्त पहुंचाना और राहुल गांधी के जन्मदिवस को सार्थक रूप से मनाना है. डॉ. देवेंद्र धाकड़ ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और नि :शुल्क चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना है. उन्होंने कहा कि चिकित्सा प्रकोष्ठ भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा. कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने जनसेवा के संकल्प को दोहराया.

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं तथा देश के युवाओं और आम नागरिकों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य कर रहे हैं. श्री पटवारी ने कहा कि जनसेवा कांग्रेस पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और इसी भावना के साथ राहुल गांधी का जन्मदिवस सेवा एवं समर्पण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना है.

## हत्या के तीन दोषियों को आजीवन कारावास

**धार.** शहर के औद्योगिक नगरी पीथमपुर में ढाबे पर हुई हत्या के मामले में स्थानीय अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास सुनायी है. आरोपियों की ढाबे पर बाहर से शराब की बोतल ले जाने की बात पर कहासुनी युवक से हो गयी थी, घटना के दौरान युवक की फाइबर ट्रे से मारकर उसकी हत्या कर दी गयी थी. प्रकरण की सुनवाई के दौरान एक आरोपी की मौत भी हो चुकी है. प्रकरण में शासन की और से पैरवी करने वाले सहायक सरकारी अधिवक्ता (एजीपी) शरद कुमार पुरोहित और जीपी कैलाश यादव ने बताया कि 12 जून 2021 को प्रवीण अपने तीन-चार साथियों के साथ पीथमपुर राउ रोड स्थित अमृतश्री ढाबे पर शाम को खाना खाने गया था. प्रवीण अपने साथ शराब की बोतल पहले से लेकर आया था. अमृतश्री ढाबे के मामा उर्फ सतीश ने प्रवीण को बाहर की शराब पीने से मना किया. ढाबे पर अन्य कर्मचारी जीतू उर्फ जितेन्द्रर, जगदीश, वसीम और मामा प्रवीण से गाली-गलोच और मारपीट करने लगे. विवाद के बढ़ने पर जीतू ने होटल की फाईबर ट्रे लाकर प्रवीण के सिर और गर्दन पर मारी जिससे ट्रे के दो टुकड़े हो गए. उसी ट्रे से फिर प्रवीण के सिर के पास गर्दन और कान में जान लेवा हमला किया और वह खून से लथपथ होकर गिर गया. प्रवीण के साथी विपिन और भूपेन्द्र प्रवीण को मेवाड़ हास्पिटल महू लेकर गये. प्रवीण को गंभीर चोटें होने से एमवाय अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया जहां इलाज के दौरान प्रवीण की मौत हो गई.

## दो ठिकानों पर हुई ईडी की कार्रवाई

सीधी. जिले में शुक्रवार अल सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर दिनभर चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया. ईडी की कार्रवाई शहर के शास्त्री नगर में एक स्टोन क्रेशर कारोबारी तथा कमर्जी थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव में स्वामी चरण सिंह के घर पर की गई.


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** — IDFC FIRST Bank
**(पूर्व में केपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के संग एकीकृत)**
**(CIN: L65110TN2014PLC097792)**
**रजिस्टर्ड ऑफिस:** केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
**फोन:** +91 44 4564 4000, **फैक्स:** +91 44 4564 4022

**सार्वजनिक सूचना**
**सोने की पुन: नीलामी सह आमंत्रण सूचना (ऑनलाइन)**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि उन्होंने सोने के आभूषण गिरवी रखकर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से ऋण लिया था और बार-बार याद दिलाने और नोटिस भेजने के बावजूद, उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं. निम्नलिखित ऋण संपत्तियों को पहले भौतिक रूप से नीलाम किया गया था, जो सफल नहीं रहा. तद्नुसार, बैंक अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, गिरवी रखे गए सोने या आभूषणों की ऑनलाइन पुनर्नीलामी 21/07/2026 को बकाया राशि की वसूली के लिए आयोजित करेगा. उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि नीलामी की तिथि से पहले लागू ब्याज, शुल्क और खर्चों सहित संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान करने का यह अंतिम अवसर है, अन्यथा गिरवी रखे गए सोने के आभूषण बेच दिए जाएंगे.

| ऋण खाता संख्या | उधारकर्ता का नाम | शाखा का नाम |
|---|---|---|
| 180120466 | दुष्यंत सिंह यादव | दतिया एमबीएल |

नीलामी की स्थिति में यदि नीलामी से कोई अधिशेष राशि प्राप्त होती है, तो वह संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दी जाएगी और यदि नीलामी के बाद कोई घाटा/कमी होती है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को बिना पूर्व सूचना के निम्नलिखित खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार है. इसके अतिरिक्त, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. नीलामी का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से https://idfcegold.auctiontiger.net पर 21/07/2026 को दोपहर 12.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक और http://gold.samil.in पर दोपहर 3.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक किया जाएगा. कृपया ध्यान दें कि यदि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उनके नामित व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारी पर लागू होंगी.

**दिनांक:** 20-06-2026 — **हस्ताक्षर/-**
**स्थान:** मध्य प्रदेश — **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के लिए अधिकृत अधिकारी**